ई-पत्रिका

तमसो मा ज्योतिर्गमय

# दिग्दर्शिका

## पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान

## भोपाल, मध्य प्रदेश









(जुलाई - सितम्बर, 2025) : अंक -3

# दिग्दर्शिका : परिचय

शिक्षा केवल ज्ञान का प्रसार ही नहीं, बल्कि विद्यार्थीयों के आत्मविश्वास, संवेदना और आत्मनिर्भरता का बीज बोना है। इसी प्रेरणा के साथ दिग्दर्शिका; ट्रेनिंग कॉलेज, विशेष विद्यालय एवं संरक्षित कार्यशाला ने समर्पण, स्नेह एवं नैतिकता के मूल्यों पर आधारित एक ऐसा शैक्षणिक परिवेश निर्मित किया है, जहाँ "सीखना एक अनुभव बन जाता है।"
ट्रेनिंग कॉलेज विशेष शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थीयों को आधुनिक दृष्टिकोण एवं मानवीय संवेदना के साथ तैयार कर रहा है, वहीं विशेष विद्यालय विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को क्षमतानुसार शिक्षा, आत्मविश्वास, कला और संस्कारों से समृद्ध बना रहा है, साथ ही संरक्षित कार्यशाला के विशेष व्यक्ति आत्मनिर्भरता के मार्ग मे आगे बढ़ रहे है।

जुलाई से सितंबर 2025 की यह अवधि ट्रेनिंग कॉलेज एवं विशेष विद्यालय के लिए "गतिविधियों, उपलब्धियों और आनंदमय उत्सव के आयोजनों से परिपूर्ण" रही। परीक्षाओं, संपर्क कक्षाओं, शिक्षक दिवस, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश उत्सव, हिंदी दिवस और सांकेतिक भाषा दिवस जैसे आयोजनों ने संस्थान को न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, प्रशिक्षण एवं संस्थान के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को भी नई दिशा दी। जहाँ शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया उत्सव का रूप ले लेती है, जहाँ हर विशेष बच्चा और हर विशेष शिक्षक मिलकर संवेदनशील समाज की नींव रखते हैं।

## "हमारा उद्देश्य"

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं नवाचार को प्रोत्साहन देना।
विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु रचनात्मक एवं भावनात्मक वातावरण तैयार करना।
समाज में संवेदनशीलता, सहयोग एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।

## "संपादकीय संदेश"

"हर मन में छिपी है प्रतिभा, हर आँखों में एक सपना
बस सही मार्गदर्शन और स्नेह ही उस सपने को वास्तविक बनाता है।"
*'दिग्दर्शिका परिवार, भोपाल'*

# दिग्दर्शिका ट्रेनिंग कॉलेज : शैक्षणिक गतिविधियाँ

**-बी. एड.** एवं **एम. एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2024-26, द्वितीय सेमेस्टर** की आंतरिक सैद्धांतिक परीक्षाएँ दिनांक 01 से 03 जुलाई 2025 तक आयोजित की गई।





**-बी. एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2024 - 26, द्वितीय सेमेस्टर** की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 05 से 14 जुलाई 2025 तक आयोजित की गई।

**-बी.एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2024-26** की बाह्य प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 14 जुलाई 2025 को आयोजित गई।






**-एम.एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2024-26 द्वितीय सेमेस्टर** की सैद्धांतिक परीक्षा सफलतापूर्वक दिनांक 04 से 11 जुलाई 2025 एवं बाह्य प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 08 जुलाई 2025 को संपन्न हुई।

**-एम.एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2023 - 25, चतुर्थ सेमेस्टर** के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए लघु शोध प्रबंध कार्य का प्रस्तुतिकरण एवं मूल्यांकन दिनांक 28 एवं 29 जुलाई 2025 को किया गया।



- ट्रेनिंग कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह दिनांक 06 सितंबर 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया । विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का अभिनंदन पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आभार व्यक्त किया।






- **बी. एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2025 - 27, प्रथम सेमेस्टर** दिनांक 08 सितंबर 2025 तथा **एम. एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2025-27, प्रथम सेमेस्टर** दिनांक 16 सितंबर 2025 को विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। श्रीमती उषा उपाध्याय मैडम ने ट्रेनिंग कॉलेज का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। डॉ. सरिता गर्ग मैडम ने विद्यार्थियों को बी.एड. एवं एम.एड. विशेष शिक्षा कोर्स की संरचना, उद्देश्यों एवं आगामी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अपना परिचय देकर पारस्परिक संवाद की शुरुआत की और नई शैक्षणिक यात्रा के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया।

- जुलाई से सितंबर 2025 की अवधि ट्रेनिंग कॉलेज के लिए शैक्षणिक, प्रायोगिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत सफल एवं सार्थक रही। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से संस्थान ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए ।









# सांस्कृतिक गतिविधियाँ

**बी.एड. एवं एम.एड. विशेष शिक्षा सत्र 2023-25** के विद्यार्थियों के लिए 30 जुलाई 2025 को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर ख़ुशी, आँसू और अपनी अनगिनत यादों के साथ, सीखने, करुणा और विकास की यात्रा का उत्सव धूमधाम से मनाया। यह दिन सभी के लिए भावनाओं और प्रेरणा से भरा यादगार पल बन गया ।












# पत्राचार पाठ्यक्रम की गतिविधियाँ



-मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र - 1720 में बी. एड., विशेष शिक्षा, सत्र 2023-26 एवं 2024-27, प्रथम वर्ष की द्वितीय संपर्क कक्षाएँ दिनांक 10 अगस्त से 09 सितंबर 2025 तक आयोजित की गई। इन कक्षाओं में विषयवार विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया ।

-म.प्र. भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के B.Ed., SEDE (ID), सत्र 2023-26 एवं 2024 - 27, प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 04 सितंबर 2025 को आयोजित की गई ।



# दिग्दर्शिका विशेष विद्यालय : शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

-रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार, सभी विशेष बच्चों ने दिनांक 09 अगस्त 2025 को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी विशेष बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बाँधी और मिठाई खिलाकर इस त्यौहार की खुशियाँ साझा कीं ।








-79वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, दिनांक 15 अगस्त, 2025 को विशेष बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा एक देशभक्ति रैली निकाली गई, जिसमें सभी ने "जय हिंद" के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया ।

-जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्ष और उत्सव के साथ मनाया गया। सभी विशेष बच्चे राधा- कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजे नजर आए। कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और खूब आनंद लिया ।



-अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए, 22 अगस्त, 2025 को विशेष बच्चों ने मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाएँ तैयार कीं। बच्चों ने अत्यंत सुंदर और आकर्षक प्रतिमाएँ बनाई, जिससे उनका कलात्मक कौशल झलक उठा ।





-विशेष विद्यालय के परिसर में दिनांक 27 अगस्त 2025 को गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई । सभी स्टाफ एवं विशेष बच्चों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ इस कार्यक्रम में सहभागिता की ।

-सभी विशेष बच्चों ने गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर , दिनांक 02 सितंबर 2025, को गणेश विसर्जन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर बच्चों ने भक्ति गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया ।





-शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन, दिनांक 04 सितंबर 2025 को हुआ। विशेष बच्चों ने अपने शिक्षकों का तिलक लगाकर और ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट कर सम्मान किया। शिक्षकों ने बच्चों से चित्रकला गतिविधियाँ करवाईं, जिससे बच्चों की सृजनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई ।

-हिंदी दिवस, दिनांक 15 सितंबर 2025 को मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व और इस दिवस के उद्देश्य से अवगत कराया। बच्चों ने कविताओं और लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।



-सांकेतिक भाषा दिवस, दिनांक 23 सितंबर 2025 को मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में बताया और कुछ बुनियादी संकेत सिखाए, जिससे उनमें संवाद कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ी।







-विशेष विद्यालय में जुलाई से सितंबर 2025 की अवधि उल्लास सीख और रचनात्मकता से परिपूर्ण रही। विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों ने विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार की एकजुटता और समर्पण से प्रत्येक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दिग्दर्शिका संरक्षित कार्यशाला :आत्मनिर्भरता एवं रचनात्मकता का संगम

-विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संरक्षित कार्यशाला में जुलाई से सितंबर, 2025 में कई गतिविधियाँ संचालित की गईं। इस दौरान कार्यशाला में कार्यरत विशेष व्यक्तियो ने पेपर बैग एवं पेपर दोना बनाने का काम किया। साथ ही सभी विशेष व्यक्तियों एवं कार्यशाला के स्टाफ ने मिलकर दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर जलाये जाने वाले दीयें को सजाने और रंग भरने के साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के ऑर्डर तैयार किये गए ।

















## Digdarshika Institute of Rehabilitation & Research, Bhopal

Digdarshika Institute of Rehabilitation and Research, Bhopal established in 1989. It is a pioneer institute in the field of Special Education and Disability Rehabilitation. It is approved training centre from the Rehabilitation Council of India (RCI), New Delhi. It is affiliated to National Board of Education and Rehabilitation-National Institute for Empowerment of Persons with Multiple Disabilities (NBER-NIEPMD), Chennai and Barkatullah University, Bhopal. Since 1992, Digdarshika started major training programs and widespread activities for Special Education and Disability Rehabilitation Services.

### OUR COURSES AND SERVICES

| Courses offered | Services offered |
|---|---|
| • D.Ed. - Spl. Ed. (IDD) | • Early Intervention and School Readiness Age Group - 0 to 10 Year |
| • B.Ed. - Spl. Ed. (ID) | • Special School - Age Group - 10 to 14 Year<br>Educational<br>Medical<br>Psychological<br>Occupational Therapy<br>Physiotherapy<br>Speech Therapy |
| • M.Ed. - Spl. Ed. (ID) | • Vocational Training - Age Group - 14 to 18 Year |
| • Short Term Courses | • Shelter Workshop - $18^+$ Age |
| **Future Plans** | • Guidance and Counseling |
| • M.Phil. - Clinical Psychology | • CBR and Community Inclusion |
| • M.Phil. - Rehab Psychology | • Parent Training Program and Teacher Training Program |

**DIGDARSHIKA**
**INSTITUTE OF REHABILITATION & RESEARCH**

10 Rohit Nagar Phase-1, Bawadiyakalan, Bhopal (M.P.)- 462039
Phone No. 0755-2562611 E-mail: digdarshikabhopal@gmail.com
website: www.digdarshika.com